बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

आम सूचना

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री बालिका (इन्टरमीडिएट उत्तीर्ण) प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित होने के लिए बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य के विभिन्न परीक्षा बोर्डों से वर्ष 2021 एवं 2022 की वार्षिक इन्टरमीडिएट परीक्षा के समकक्ष उत्तीर्ण अविवाहित छात्राओं द्वारा NIC के Portal पर सूचनाओं को ऑनलाईन अंकित किये जाने के संबंध में।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह पर अंकुश लगाने, प्रजनन दर में कमी लाने एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज को मुख्य धारा में लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री बालिका (इन्टरमीडिएट उतीर्ण) प्रोत्साहन योजना के तहत बिहार राज्य क्षेत्रान्तर्गत राजकीय / राजकीयकृत गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) उच्च माध्यमिक विद्यालयों / अनुदानित विद्यालयों (प्रोजेक्ट विद्यालयों सहित) प्रस्वीकृत एवं संबद्धता प्राप्त विद्यालय / अनुदानित अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसा / संस्कृत से इन्टर उतीर्ण होने पर अविवाहित कन्याओं को परीक्षा वर्ष 2021 में ₹10,000/– (दस हजार) एवं परीक्षा वर्ष 2022 से ₹25,000/– (पच्चीस हजार) मात्र की आर्थिक सहायता के रूप में दिया जा रहा है। यह राशि सीधे पात्र लाभुकों के बैंक खाते में **DBT** के माध्यम से अन्तरित की जायेगी।

2. सभी पात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि वे **NIC** द्वारा विकसित **ekalyan** पोर्टल को **https://medhasoft.bih.nic.in** के माध्यम से खोलकर अपना निबंधन करेंगे। निबंधन के लिए छात्रा से संबंधित सूचनाएँ यथा पंजीयन संख्या, प्राप्तांक, जन्म तिथि (प्रवेशिका प्रमाण पत्र के अनुसार), नाम, बैंक खाता संख्या, बैंक शाखा का नाम, आई०एफ०एस०सी० कोड आधार संख्या, मोबाईल नं०, ईमेल आईडी तथा अविवाहित होने का घोषणा अंकित करना होगा। कोई भी तथ्य / सूचना गलत अंकित किये जाने की स्थिति में निबंधन रदद् हो जायेगा तथा छात्रा को पुनः निबंधन कराने का अवसर प्राप्त होगा। **NIC** द्वारा रद्द किये जाने से संबंधित सूचना लाभुकों को **Message** के माध्यम अवगत कराया जाता है। पोर्टल पर अंकित तथ्य / सूचना पंजीयन / अंक प्रमाण पत्र में अंकित तथ्य / सूचना के अनुरूप होना चाहिए। साथ ही छात्रा के बैंक खाता एवं आधार में छात्रा का नाम उसके पंजीयन / अंक प्रमाण पत्र में अंकित नाम के अनुरूप होना अनिवार्य है। निबंधन के समय दर्ज कराई गई सूचनाओं के सत्यापन के पश्चात् छात्रा के रजिस्टर्ड मोबाईल नं० तथा ईमेल आईडी पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड (**User ID & Password**) उपलब्ध होगा। **यूजर आईडी एवं पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें।**

3 यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त होने के बाद छात्रा को पुनः पोर्टल पर लॉग इन करके अपने फार्म को पूरा करते हुए अंतिम रूप देना है। छात्रा द्वारा फार्म को अंतिम रूप देने के पश्चात् किसी भी संशोधन की अनुमति नहीं दी जायेगी तथा सत्यापन जिला द्वारा कराया जायेगा।

4. ध्यान रहे कि बैंक खाता पात्र छात्रा के अपने नाम से खुला होना चाहिए तथा यह खाता राष्ट्रीयकृत बैंक मान्यता प्राप्त निजी बैंक अथवा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के बिहार में अवस्थित किसी शाखा में संचालित होना चाहिए।

5. प्रयास किया जाए कि सूचनाओं को अंकित किये जाने का कार्य निजी अथवा घरेलू मोबाईल / लैपटॉप / कम्प्यूटर आदि के माध्यम से किया जाय। अपने से संबंधित अभिलेख किसी से साझा न करे एवं आवेदन की प्रक्रिया अपने सामने पूर्ण करें। इसमें किसी प्रकार की गड़बडी होने की स्थिति में आवेदक स्वयं जिम्मेवार होंगे।

6. उक्त के संदर्भ में किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए मोबाईल नं0–91+9534547098 (श्री राज कुमार), 91+8986294256 (श्री इंद्रजीत) तथा 91+8709739659 (श्री रविन्द्र कुमार झा) एवं ईमेल आईडी–**mkuyinter2022@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

निदेशक (मा0 शि0), शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

PR No.- 13937 (Education)O. 2022-23